रक्तदान शिविर आयोजित

बूंदी। कोटा बूंदी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के 62 में जन्मदिन पर भाजपा द्वारा रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की। सुबह से ही रेड क्रॉस में रक्तदान करने वाले पहुंचने लगे। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि रक्तदान के दौरान दोपहर को लोकसभा अध्यक्ष ओएसडी राजीव दत्ता भी रक्तदान शिविर रेड क्रॉस भवन पहुंचे यहां पर उन्होंने रक्तदाताओं को उत्साह वर्धन किया। दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में एक बार रक्तदान जरुर करना चाहिए। शिविर में जो रक्त संग्रहित हुआ है यह गंभीर दुर्घटनाओं में घायल और गर्भवती महिलाओं के काम आ सकेगा और इससे लोगों की जान बच सकेगी। रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ

रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने के लिए जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ,शहरअध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, पूर्व सभापति महावीर मोदी, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मीणा ,जिला महामंत्री संजय लाठी, भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि डॉ बृजबाला गुप्ता ,नगर परिषद सभापति सरोज अठावाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अठावाल, खो खो संघ जिला अध्यक्ष विजयंत सिंह आमेरा , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, जिला मोर्चा संयोजक महावीर जैन ,पंचायत समिति सदस्य अर्चना कंवर हाडा ,जिला मंत्री रंजना जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष कालू लाल जांगिड़, जिला कार्यालय मंत्री मोहन कराड, निर्मल मालव ,संजय भूटानी ,जमुना शंकर ,अमित शर्मा, अजय त्यागी, दिलीप सिंह ,पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अनुराग गौतम, अनिल शर्मा, चेतन पंचोली ,दीपक पंचोली, राहुल सेन लोकेश दाधीच सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में जर्सी वितरण कार्यक्रम प्रारंभ

कोटा, (निसं)। रेसपियन ऑफिसर्स पेंशनर्स एसोसिएशन 'रोपा' कोटा द्वारा विद्यार्थियों को सर्दी को देखते हुए स्वेटर का वितरण इटावा तथा सुल्तानपुर ब्लॉक के बम्बूलिया कलां गैता एवं जालिमपुरा पीईईओ क्षेत्र के आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय किरपुरा, गैंता में 34 एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय बम्बूलिया खुर्द में 32 एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बम्बूलिया कलां में कक्षा 1 व 2 के सभी छात्र छात्राओं, राजकीय प्राथमिक विद्यालय थारला के 40 तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिपुरा के भी 40 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को कुल करीब 190 जर्सियों का वितरण किया गया। जिसमें एसोसिएशन के संरक्षक जगदीश कुमार, रोपा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तालचिड़ी, सभा अध्यक्ष भंवर सिंह पंवार, पेंशनर एसोसिएशन ब्लॉक इटावा के अध्यक्ष ब्लॉक प्रभारी रामप्रसाद परालिया, बालक राम दिवाकर संयुक्त सचिव, सुल्तानपुर के ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर मीणा, रमेश पंचोली था जानकी लाल मीणा आदि सभी गणमान्य लोग उपस्थित हुए। रोपा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तालचिड़ी ने बताया रोपा द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत सर्दियों में ग्रामीण अंचल के क्षेत्रों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को जर्सी वितरण सभी सात ब्लाकों में किया जाएगा तथा अन्य कई योजनाओं पर भी विद्यार्थी हितार्थ कई प्रकार की अन्य सहायता और प्रयोजन किए जाना भी भविष्य में संभावित है। अध्यक्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए रेसिपियन ऑफिसर्स पेंशनर्स एसोसिएशन की संपूर्ण एक्टिविटी के बारे में विस्तार से बताया।

संरक्षक जगदीश कुमार ने बोर्ड की कक्षा 11 व 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत करने आश्वासन दिया। इसके साथ ही भंवर सिंह पंवार सभाध्यक्ष ने छात्रों के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने हेतु छात्रों को ब्लूप्रिंट के अनुसार अध्ययन अध्यापन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। राम प्रसाद परालिया ने संपूर्ण छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की। ब्लॉक प्रभारी रघुवीर प्रसाद मीणा ने ब्लॉक के स्कूलों का चुनाव और वहां की निर्धनता और पिछड़ेपन का हवाला देते हुए प्राथमिक विद्यालयों के चुनाव को उचित और सही ठहराया। बालक राम दिवाकर, रमेश पंचोली, जानकीलाल मीणा ने भी अपने संबोधन में छात्रों को कड़ी मेहनत कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करने हेतु बालकों को प्रेरित किया। अंत में घनश्याम वर्मा प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बम्बूलिया कलां तथा गैंता के सत्यनारायण खटीक तथा जालिमपुरा प्रधानाचार्य सुशीला मीणा द्वारा सभी महानुभावों का एवं मंचासीन सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

दो दिन मंडी में क्रय विक्रय कार्य नहीं होगा

बून्दी। नवीन कृषि उपज मंडी बूंदी में जिंसों की आवक की अत्यधिकता होने व माल का उठाव न होने से 5 व 6 दिसंबर को दो दिन क्रय विक्रय कार्य नही होगा। मंडी सचिव क्रांति कुमार मीणा ने सभी किसान भाइयों को सूचित करते हुए बताया नवीन मंडी कुवारती बून्दी में कृषि जिंसों की आवक अत्यधिक मात्रा में होने के कारण मंडी प्रांगण में कृषि जिंसों की बोरियो का उठाव करने के लिए दिनांक 5 और 6 दिसम्बर को मंडी में क्रय विक्रय कार्य नही होगा और शनिवार रात्रि 11 बजे किसानों के माल को मंडी में प्रवेश नही दिया जाएगा। रविवार दिनांक 7.12.25 को 11 बजे प्रवेश दिया जाएगा।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/539 दिनांक:-28.11.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम भूखण्ड संख्या 460-बी का आवंटन पत्र क्रमांक 530 दिनांक 13.02.1996 को श्री जानकी लाल पुत्र श्री प्रभुलाल सेन के नाम आवंटन किया गया था। श्री जानकी लाल पुत्र श्री प्रभुलाल सेन द्वारा जर्ये मुख्तारआम से श्रीमती ब्रजेश कुमारी पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह चौहान को जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 08.02.2013 को विक्रय कर दिया गया था। श्रीमती ब्रजेश कुमारी पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जर्ये मुख्तारआम से श्री हेमंत राव पुत्र श्री राधाकृष्ण राव को जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.02.2023 को विक्रय कर दिया गया था। श्री हेमंत राव की मृत्यु दिनांक 27.04.2023 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री हेमंत राव पुत्र श्री राधाकृष्ण राव के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती पुष्पा राव पत्नी स्व. श्री हेमंत राव एवं श्री कुनाल राव पुत्र स्व. श्री हेमंत राव द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 460-बी श्रीनाथपुरम आवासीय अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त आवास संख्या 460-बी श्रीनाथपुरम आवासीय योजना का नामहस्तान्तरण श्रीमती पुष्पा राव पत्नी स्व. श्री हेमंत राव एवं श्री कुनाल राव पुत्र स्व. श्री हेमंत राव के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

150 से अधिक कर्मचारियों को सहायक लोको पालयट में पदौन्नति के अवसर

कोटा, (निसं)। कोटा मण्डल मे विभिन्न विभागों के 150 से अधिक कर्मचारियों को सहायक लोको पायलट में पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बाताया कि कोटा मण्डल मे विभागीय क्वोटे के तहत सहायक लोको पायलट के पद पर पदोन्नति हेतु अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमे केवल एक विभाग के कर्मचारियों को ही पात्र रखा गया था, जिसमे 162 मे से केवल 06 कर्मचारी ही परीक्षा मे उत्तीर्ण हुए है। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने प्रशासन के समक्ष सुझाव रखा था कि रिक्तियों को देखते हुए विभिन्न विभाग के कर्मचारी जो सहायक लोको पायलट की योग्यता रखते है, उन्हे भी इस परीक्षा हेतु पात्र किया जाना चाहिए, ताकि रिक्तियों को भी भरा जा सके साथ ही साथ कर्मचारियों को भी पदोन्नति का अवसर प्राप्त हो सकें। इस विषय पर प्रशासन के साथ वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने कल चर्चा भी की एवं वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के सुझाव पर संज्ञान लेते हुए प्रशासन द्वारा गुरूवार को पत्र जारी कर दिया गया है। जिसमे रिक्त पदों को अन्य विभाग के पात्र कर्मचारियों से भरने हेतु प्रकरण पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इससे विभिन्न विभागों के 150 से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। यह सुचना प्राप्त होते ही सभी कर्मचारियों मे खुशी का माहौल बन गया एवं सभी कर्मचारियों ने वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

जलापूर्ति ठीक तरह से नहीं होने से आमजन परेशान

छबड़ा। कस्बे में जलापूर्ति ठीक तरह से नही होने से आमजन, गृहणियों को पेयजल के लिए जूझना पड़ रहा है। बजाज शोरूम के सामने स्थित इंद्रा कॉलोनी वाली गली में पेयजल आपूर्ति आधी अधूरी हो रही है। जबकि मासिक बिल पूरा दिया जा रहा है। हालत यह है कि आधे घन्टे की सप्लाई में पानी की टंकियां तक ठीक तरह से नही भर पा रही हैं। जिसके कारण रोजमर्रा के कार्य भी पूरे नही हो पा रहे है। गृहणियों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा रहा है। कॉलोनी निवासी रूपचंद शर्मा, रामसेवक पारीक, हरि शर्मा, बाबूलाल शर्मा, पूनमचंद अठावाल, योगेंद्र शर्मा का कहना है कि प्रतिदिन सुबह 7.15 बजे नल आते है और 7.45 पर चले जाते है। जबकि इसी कॉलोनी क्षेत्र के अन्य भागों में बिना मोटर के पानी भर जाता है, जलापूर्ति भी डेढ़ घंटे तक होती है। एक ओर तो पानी का दुरुपयोग हो रहा है वही दूसरी और लोग पेयजल के लिए मेहरूम है। कॉलोनीवासियो के अनुसार इस समस्या को विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, किन्तु आज तक पेयजल से जुड़ी समस्या का समाधान नही हो पाया है। उन्हें संदेह है की संबधित क्षेत्र से जुड़े कार्मिक द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है, जो अनुचित है।

जलदाय विभाग की सहायक अभियंता करिश्मा जंगम ने बताया कि शहरी क्षेत्र में एक व्यक्ति पर 100 लीटर पानी दिए जाने का प्रावधान है। उनके अनुसार इंद्रा कॉलोनी में पर्याप्त पानी की सप्लाई हो रही है, पीडब्ल्यूडी द्वारा जगह जगह रोड़ खोद देने से पाइप लाइन डेमेज होने से प्रेशर कम आने से पेयजल सप्लाई कम हो सकती है। फिर भी वह इसकी जाँच करवाकर आमजन की समस्या का निस्तारण करने का प्रयास करेगी।

प्रशिक्षणार्थियों ने अंतरिक्ष के रहस्यों को जाना

कोटा, (निसं)। आरटीयू में इसरो द्वारा आयोजित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी में प्रशिक्षणार्थियों ने इसरो द्वारा अंतरिक्ष में भेजे गये अभियानों के विषय में जाना। प्रशिक्षणार्थियों ने चंद्रयान-1, चंद्रयान-2 व चंद्रयान-3 को देखा तथा इसरो के द्वारा चंद्रमा की सतह व वातावरण के विषय में दी गई जानकारी को साझा किया। प्रदर्शनी में आदित्य एल-1 मिशन आरएसयू व्हीकल भी थे। प्राचार्य एवं डीन शिक्षा संकाय कोटा विश्वविद्यालय प्रोफेसर सिंह ने कहा कि ये सभी प्रशिक्षणार्थियों भावी अध्यापक है जो कि भविष्य में इस प्रदर्शनी के अनुभव का लाभ उठाकर अपने विद्यार्थियों की अंतरिक्ष संबंधी जिज्ञासा शांत कर सकेंगे।

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/4848 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-6.10.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 03 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम	खसरा सं.	स्थान/कालोनी का नाम	भूखंड सं.	क्षेत्रफल वर्गफीट
1	श्री सुनिल कुमार गुप्ता आत्मज श्री श्यामस्वरुप गुप्ता जाति महाजन निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला बारां	715, 718	बल्लभ नगर कालोनी	34	1060

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

सुचारू सफाई व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

बून्दी। बूंदी शहर में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से सुधार करने और अवैध रूप से बने कचरा पॉइंट्स को हटाने को लेकर यूथ कांठोस व एनएसयूआई पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

यूथ कांग्रोस बून्दी के महासचिव जितेन्द्र जारवाल ने बताया कि बून्दी शहर के हर चौराहे सहित मुख्य र्प्यटन स्थलों के आस पास कचरों के ढेर पड़ा रहने से सड़को पर कचरा फैला रहता है।

जारवाल ने बताया कि जिसे देख कर शहर से गुजरने वाले राहगीर व पर्यटक शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते है। जिससे शहर की छवि धूमिल हो रही है। शहर मे सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं होने से चारों तरफ गंदगी फैली रहती हैं, साथ ही मुख्य चौराहो और सड़को पर अवैध रूप से कचरा पॉइंट बना रखें है। इन्होंने बताया कि ज्ञापन सौंप कर जिला कलक्टर से शहर मे सफाई व्यवस्था को सुचारु रूप से संधारित करने सहित प्रमुख स्थानो पर बने कचरा पॉइंट्स को हटाने की मांग की है।

जिला कलेक्टर ने जल्द सफाई व्यवस्था का ठोस कदम उठाने का आश्वाशन दिया।

इस दौरान छात्र नेता धर्मेंद्र सुवालका, अनिल व्यास, हेमंत मेघवंशी, एनएसयूआई नेता राकेश दियानी, एडवोकेट कपिल बैरवा, आशीष मेघवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटा के निलय अरोड़ा का विजय मर्चेंट ट्रॉफी में चयन

कोटा, (निसं)। कोटा के निलय अरोड़ा का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विजय मर्चेंट ट्रॉफी (अंडर-16) के लिए राजस्थान टीम में किया गया है। सबसे गौरव की बात यह है कि निलय कोटा से चयनित होने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। निलय की यह उपलब्धि उनके धैर्य, कड़ी मेहनत और निरंतर समर्पण का परिणाम है। उन्होंने इस सीज़न में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए और चौलेंजर मैचों तथा आरसीए द्वारा आयोजित अंडर-16 कैम्प में भी प्रदर्शन दिखाते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। इस सफलता के पीछे कोचों का मार्गदर्शन, तथा कोटा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन व राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का अमूल्य सहयोग रहा है। निलय की यह यात्रा कोटा के युवा क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा है, जो दिखाती है कि अनुशासन, मेहनत और दृढ़ विश्वास से सपने हकीकत बनते हैं।

माइनर की नहीं की सफाई, अब टेल में पानी पहुंचने में परेशानी

बून्दी। क्षेत्र में नहरों में जलप्रवाह से पूर्व विभाग द्वारा नहरों की साफ सफाई व मरम्मत करवाने का खामियाजा अब टेल के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। माइनरों के सीपेज व ओवरफ्लो होने से फसलों में पानी भर रहा है, तो जल स्तर कम करते ही माइनरों की टेल में पानी नही पहुंच पा रहा है।

मामला के पाटन ब्रांच की बड़ाखेड़ा द्वित्तीय माइनर का है। जिसमे जल प्रवाह शुरू करने से पूर्व माइनर में उगे खरपतवार व झाड़ झाँकाड को हटा कर सफाई नही करवाई गई, जो अब माइनर में जल प्रवाह के आगे बढ़ने में अवरुद्ध बन गई है। टेल में पानी पहुचने के लिये माइनर में जल स्तर को बढ़ाते ही माइनर ओवरफ्लो होने से पानी किनारे के खेतों में भरने की आसंका बनी हुई है। वही जल स्तर को यदि कम रखते है तो टेल में पानी नही पहुच पा रहा है। ऐसे ही कापरेन ब्रांच की डपटा माइनर में भी जलप्रवाह शुरू करने से पूर्व जे सी बी से मिट्टी नही डालने से सीपेज होकर नहरी पानी खेतो में भर चुका है। यंहा भी यही जल स्तर को कम करते है तो टेल के किसानों को पानी मिलना मुश्किल है। ऐसे में विभाग की लापरवाही का परिणाम किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

बड़ाखेड़ा के किसान महावीर हेमराज मीणा, रत्न लाल, लबान के किसान मुरलीधर, रामावतार, अशोक मीणा व देईखेड़ा के किसान तुलसीराम गुर्जर डपटा के छोटूलाल मीणा जुगराज मीणा ने बताया कि बार बार मांग करने पर भी विभाग ने किसानों की मांग व माइनरों की मरम्मत व साफ सफाई पर समय रहते ध्यान नही दिया और अब किसान परेसान है। किसानों ने सीएडी अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत करवाया है।

छह तक जमा करवाएं फॉर्म

छबड़ा। फसल खरीफ में अतिवृष्टि से फसल खराबे के मुआवजा राशि का भुगतान किया जाना है। तहसीलदार यादवेंद्र यादव ने काश्तकारों से अपील करते हुए छह दिसंबर तक अपना फार्म मय दस्तावेज के साथ संबधित पटवारी को उपलब्ध करवाए। तहसीलदार यादव ने बताया कि पटवारी फसल खराबे से संबन्धित फार्म व दस्तावेज संबधित पटवारी द्वारा एकत्रित कर पोर्टल पर अपलोड किये जा रहे है। पटवारी अपने पटवार मण्डल में उपस्थित होकर लोगों, जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक ग्राम के काश्तकारों के फार्म एकत्रित कर रहे है। इसलिए सभी काश्तकारों से अपील है कि वे अपने दस्तावेज (आधार, जमाबंदी, जनाधार) पटवारी को उपलब्ध करवाए। फार्म उपलब्ध नहीं करवाने की सूरत में किसान को मुआवजा राशि से वंचित होना पड़ सकता है।

ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

छबड़ा। कडैयानोहर में दिन में विद्युत सप्लाई की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने कडैयानोहर जीएसएस के निकट नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि दिन में बिजली उपलब्ध नहीं होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं साथ ही दिनचर्चा पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सूचना मिलने पर विद्युत निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर मामला शांत करवाया। यहां पहुंचे अधिकारियों ने दिन में सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण समझाइश उपरांत मान गए। ग्रामीणों ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि यदि निर्धारित समय पर सप्लाई बहाल नहीं हुई तो आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1735 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 24.9.25

आवास संख्या 3-प-45 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती सत्यवती शर्मा पत्नी श्री सोहनलाल शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सत्यवती शर्मा पत्नी श्री सोहनलाल शर्मा द्वारा दिनांक 18.01.1999 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सत्यवती शर्मा पत्नी श्री सोहनलाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.02.2025 को एवं इनके पति श्री सोहनलाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 04.10.2022 को हो चुकी है। श्रीमती सत्यवती शर्मा पत्नी श्री सोहनलाल शर्मा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 28.01.2022 को श्रीमती सविता पत्नी श्री मनोज शर्मा के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती सविता पत्नी श्री मनोज शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-प-45 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती सविता पत्नी श्री मनोज शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सविता पत्नी श्री मनोज शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सविता पत्नी श्री मनोज शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2496 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 01.12.25

आवास संख्या 2-सी-7 इन्द्रा नगर, झालावाड़ का आवंटन मण्डल द्वारा श्री हिरानन्द पाण्डे पुत्र श्री दूधनाथ पाण्डे को किया गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री हिरानन्द पाण्डे पुत्र श्री दूधनाथ पाण्डे की मृत्यु दिनांक 29.11.2023 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती कान्ती देवी की मृत्यु दिनांक 02.11.2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त इनके वारिसानी में श्रीमती आशा पुत्री स्व. श्री हिरानन्द पाण्डे पत्नी श्री ध्रुवनाथ, श्रीमती साधना पुत्री स्व. श्री हिरानन्द पाण्डे पत्नी श्री अजय कुमार, श्रीमती शैलेन्द्र देवी शिवानंद दुबे पुत्री स्व. श्री हिरानन्द पाण्डे पत्नी श्री शिवानंद दूबे एवं श्रीमती अंजू तिवारी पुत्री स्व. श्री हिरानन्द पाण्डे पत्नी श्री राकेश तिवारी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये घोषणा पत्र आलेखित कर श्री उमेश पांडे पुत्र स्व. श्री हिरानंद पांडे के पक्ष में किया गया। श्री उमेश पांडे पुत्र स्व. श्री हिरानंद पांडे द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-सी-7 इन्द्रा नगर, झालावाड़ का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं घोषणा पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र के आधार पर श्री उमेश पांडे पुत्र स्व. श्री हिरानंद पांडे के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री उमेश पांडे पुत्र स्व. श्री हिरानंद पांडे के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री उमेश पांडे पुत्र स्व. श्री हिरानंद पांडे के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2534 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 04.12.25

आवास संख्या 4-एच-12 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री देवीलाल पुत्र श्री पंतुमल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री रामगोपाल मिश्रा पुत्र श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा के नाम दिनांक 16.03.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री रामगोपाल मिश्रा पुत्र श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा द्वारा दिनांक 28.03.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री रामगोपाल मिश्रा पुत्र श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा दिनांक 19.03.2017 को हो चुकी है। श्री रामगोपाल मिश्रा पुत्र श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा की मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री कृष्ण कुमार मिश्रा, श्री विजय कुमार मिश्रा पुत्रान स्व. श्री रामगोपाल मिश्रा एवं श्रीमती नीमा शुक्ला पत्नी श्री सुनील कुमार शुक्ला पुत्री स्व. श्री रामगोपाल मिश्रा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 04.04.2024 को इनकी माता श्रीमती कृष्णा पत्नी स्व. श्री रामगोपाल के पक्ष में किया गया। श्रीमती कृष्णा पत्नी स्व. श्री रामगोपाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-एच-12 महावीर नगर तृतीय, कोटा को उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तातरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती कृष्णा पत्नी स्व. श्री रामगोपाल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्रीमती कृष्णा पत्नी स्व. श्री राम गोपाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्रीमती कृष्णा पत्नी स्व. श्री राम गोपाल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

अस्पतालों की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए शुरू हुई पहल

- सीएमएचओ ने गहन निरीक्षण कर अस्पताल व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति को परखा

बूँदी। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. ओ. पी. सामर गुरुवार को पूरी तरह मिशन मोड में नज़र आए। उन्होंने बूँदी ब्लॉक के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का गहन निरीक्षण कर अस्पताल व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति को परखा और कई बिंदुओं पर सख्त निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सामर ने ब्लॉक और चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्थाएँ हर हाल में ऐ्धारने और विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने का स्पष्ट संदेश दिया।

डॉ. सामर ने स्टाफ को चेताते हुए कहा कि रोगी हित सर्वोच्च प्राथमिकता है, और यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी मिलती है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ ने चल रही विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की, जिनमें पींक पखवाड़ा, टोबैको यूथ कैंपेन, जन-जागरूकता कार्यक्रम, ओरल हेल्थ, मौसमी बीमारियों की तैयारी, सांस अभियान मुख्य रूप से शामिल रहे। उन्होंने संस्थान प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रम पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता और गंभीरता के साथ पूरे किए जाएँ।

डॉ. सामर ने कहा कि जिले के सभी ब्लॉकों में व्यवस्थाएँ मजबूत करना अब विभाग का प्रमुख मिशन है, और इसी उद्देश्य से निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने टीमवर्क बढ़ाने, रोगी सेवा को ऊँचे स्तर पर ले जाने और प्रत्येक संस्थान में सुधार की गति तेज करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने अस्पतालों में स्टाफ के रोगियों और उनके परिजनों के प्रति व्यवहार, कार्य प्रणाली, समयपालन, साफ-सफाई, लेबर रूम व्यवस्था, ओपीडी प्रबंधन, रिकॉर्ड संधारण और सेवा की गुणवत्ता का अत्यंत बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित चिकित्सा संस्थान प्रभारी, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर